
Page Three
Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द

# नये औद्योगिक आस्थानों की स्थापना हेतु प्रस्ताव भेजने के निर्देश

## एमएमएमई के तहत संचालित कार्यक्रम का विस्तार से किया गया प्रस्तुतीकरण

**प्रस्तुतीकरण**

**संवाददाता**

देहरादून। गुरूवार को सचिवालय सभागार में केन्द्र सरकार के एम.एस.एम.ई. सचिव डॉ. अरूण कुमार पाण्डा के समक्ष प्रदेश सरकार द्वारा एमएमएमई के तहत संचालित कार्यक्रम का विस्तार से प्रस्तुतीकरण किया गया। एमएमएमई सचिव भारत सरकार डॉ. अरूण कुमार पाण्डा ने प्रदेश सरकार से एससी/एसटी उद्यमियों को उच्च तकनीकि प्रशिक्षण दिलाने के लिए उद्यमिता प्रस्ताव केन्द्र सरकार को भेजने के अपेक्षा की तथा इस सम्बन्ध में पर्याप्त सहायता देने का आश्वासन दिया। उन्होंने क्लस्टर विकास योजना के अन्तर्गत और अधिक प्रस्ताव केन्द्र सरकार को भेजने के अपेक्षा की।

प्रस्तुतीकरण के दौरान निदेशक उद्योग सुधीर नौटियाल ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा 5 क्लस्टर डेवलपमेंट प्रस्ताव तैयार कर दिये गये हैं तथा 04 प्रस्ताव तैयार करने



प्रस्तुतिकरण कार्यक्रम के दौरान मुख्य सचिव व अन्य अधिकारी।

का कार्य गतिमान है। प्रस्तुतिकरण के दौरान प्रमुख सचिव उद्योग श्रीमती मनीषा पंवार द्वारा अवगत कराया गया कि राज्य सरकार द्वारा स्किल डेवलपमेंट हेतु ग्रोथ सेंटर स्थापित किये गये हैं उन्होंने और ग्रोथ सेंटर स्थापना हेतु केन्द्र सरकार से मैचिंग ग्राण्ट का अनुरोध किया जिस पर सचिव भारत सरकार द्वारा वांछित धन उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया।

सचिव भारत सरकार द्वारा राज्य में अवस्थित औद्योगिक आस्थानों के विस्तारीकरण एवं उच्चीकरण तथा नये औद्योगिक आस्थानों की स्थापना हेतु प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिये गये तथा इस योजना में पर्याप्त मात्रा में धनराशि उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने जनपदों में स्थित जिला उद्योग केन्द्रों को निर्यातक सुविधा केन्द्र तथा उद्यमिता विकास केन्द्र के रूप में विकसित करने हेतु भी प्रस्ताव आमंत्रित किये तथा इस कार्य हेतु केन्द्र सरकार से बजट उपलब्ध कराने का स्वीकारोक्ति की। सचिव भारत सरकार ने बताया कि रामनगर में संचालित इलेक्ट्रॉनिक सेवा एवं प्रशिक्षण केन्द में बेरोजगार युवाओं को इलेक्ट्रोनिक प्रशिक्षण दिया जाता है तथा नये उद्यमियों को इससे सम्बन्धित व्यवसाय स्थापना में सुविधा प्राप्त होती है। साथ ही युवा आईटी यूनिट वाले उद्यमियों को अग्रिम तकनीकि प्रदान करने में सहायता दी जाती है। सितारगंज में भी केन्द्र सरकार द्वारा 200 करोड़ की लागत का एमएसएमई टूल रूम स्थापित किया गया है। उन्होंने प्रमुख सचिव उद्योग को निर्देश दिये कि समस्त जिलाधिकारियों को निर्देश दे कि वे अपने स्तर में एमएसएमई मंत्रालय में संचालित विभिन्न रोजगारपरक योजनाओं में अधिक से अधिक प्रस्ताव भारत सरकार को भेजे। उन्होंने एसएलवीसी में भी इस बात को प्रमुखता से उठाने के निर्देश दिये।

इस अवसर पर मुख्य सचिव उत्पल कुमार सिंह ने सचिव एमएसएमई का धन्यवाद ज्ञापित किया एवं विश्वास दिलाया कि उनके निर्देशन में प्रदेश एमएसएमई के क्षेत्र में नये आयाम हासिल करेगा।

## न्यूज डायरी

### दून वर्ल्ड स्कूल मे धूम–धाम से मनाया गया वसंतोत्सव

**संवाददाता** देहरादून। रक्षा विहार स्थित दून वर्ल्ड स्कूल मे वसन्त पंचमी के अवसर पर वसंतोत्सव का आयोजन श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ सरस्वती वंदना से हुआ। विद्यालय की हिन्दी अध्यापिका वन्दना उनियाल ने वसन्त ऋतु के महत्व व विशेषताओं पर प्रकाश डाला। प्रधानाचार्य सन्तोष कोटियाल व स्टाफ के सदस्यों ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया व पुष्प अर्पित कर विद्यार्थियों व स्कूल की प्रगति की कामना की। सभी उपस्थित अध्यापकों, कर्मचारियों व विद्यार्थियों में प्रसाद वितरण किया गया। स्कूल डाईरेक्टर वीणा कालिया व चेयरमैन मंदीप डंग भी इस अवसर पर मोजूद रहे।

### पंजाबी सभा ने शहीद वीर हकीकत राय को याद किया

**संवाददाता** हरिद्वार। बसंत पंचमी पर्व पर माँ शारदा को शत–शत नमन करते हुए पंजाबी सहायक सभा के प्रांतीय अध्यक्ष संजय चोपड़ा के संयोजन में बेलवाला घाट पर मां गंगा की विशेष पूजा–अर्चना कर शहीद वीर हकीकत राय को याद करते हुए उनका शहीदी दिवस पर श्रद्धासुमन किए। शहीद वीर हकीकत राय सन 1734 में पाकिस्तान सियालकोट में बसंत पंचमी के दिन ही मुगल शासक द्वारा उनकी हत्या की गई थी। तब से पंजाबी समाज शहीद वीर हकीकत राय को याद करते हुए बसंती पंचमी के दिन उनका शहीदे बलिदान दिवस मनाता चला आ रहा है। इस अवसर पर पंजाबी सहायक सभा के अध्यक्ष संजय चोपड़ा ने कहा कि शहीद वीर हकीकत राय अल्प आयु में ही समाज को नई दिशा दी थी और समाज में अंधविश्वास के खिलाफ छोटी से आयु में ही बड़े पैमाने पर जन जागरण चला रखा था।

### मिनी ने पहले मिनी अरबन स्टोर का किया शुभारंभ

**संवाददाता** देहरादून। मिनी भारत ने अपने पहले मिनी अरबन स्टोर का शुभारंभ किया। मिनी अरबन स्टोर आइकॉनिक मिनी को एक अनूठे परिवेश में प्रस्तुत करता हैएजिसमें एक शोरूम और कैफे शामिल हैं। नई मिनी फैसिलिटी बीएमडब्ल्यू और बीएमडब्ल्यू मोटोरैड शोरूम के नजदीक स्थित हैएजो कि एंजल प्लाजाए23649ए1 एन एच 47एदक्षिण काला मैसेरीएकोच्चि में अवस्थित है। इसका नेतृत्व साबुजॉनीएडीलर प्रिंसिपलए ईवीएम ऑटो क्रॉफ्ट द्वारा किया जा रहा है। इंटीग्रेटेड कैफे के साथ नये मिनी अरबन स्टोर का कॉन्सेप्ट कोच्चि में एक अनूठा गंतव्य और शहर के प्रगतिशील मिलेनियल्स के लिये एक नया गैस्ट्रोनॉमिक एक्सपीरिएंस लेकर आया है।

# दून से ट्रेनों का संचालन 10 फरवरी से होगा सुचारु रूप से चालू

**संवाददाता**

हरिद्वार। देहरादून रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों का संचालन बहुत जल्द शुरू होना है। दून रेलवे स्टेशन पर रीमॉडलिंग कार्य चल रहा है। जिसके चलते पिछले 10 नवंबर 2019 से ट्रेनों का संचालन पूरी तरह बंद है। लेकिन अब प्लेटफार्म और रि–मॉडलिंग का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है।

कार्य पूरा होने के बाद ट्रेनों का संचालन शुरू कर दिया जाएगा। कुछ ट्रेनों का संचालन 8 फरवरी से शुरू होगा। जबकि अन्य ट्रेनों का संचालन 10 फरवरी से शुरू कर दिया जाएगा। जिन ट्रेनों का संचालन 8 फरवरी से शुरू होने वाला है,



देहरादून रेलवे स्टेशन।

उनमें नंदा देवी, शताब्दी, काठगोदाम जन शताब्दी, लाहौरी समेत कुल छह ट्रेनें शामिल हैं।इस वक्त ट्रेनों का संचालन बंद होने के कारण यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लेकिन ट्रेनों का संचालन शुरू होने के बाद ये समस्या खतम हो जाएगी। देहरादून रेलवे

### दून से हर दिन 18 ट्रेनों का संचालन होता है

स्टेशन पर सभी कर्मचारियों की नए सिरे से तैनाती की जा रही है। 8 फरवरी से ट्रेनों का संचालन शुरू हो जाएगा, पर 3 ट्रेनों में सफर करने के लिए लोगों को अभी और इंतजार करना पड़ेगा।

कोहरे के चलते जनता एक्सप्रेस, उपासना एक्सप्रेस और उज्जैन एक्सप्रेस का कैंसिलेशन बढ़ाया गया है। बता दें कि देहरादून से हर दिन 18 ट्रेनों का संचालन होता है। जिनमें हर रोज 10 हजार यात्री सफर करते हैं। पिछले तीन महीने से ट्रेन सेवा रद्द है, जिस वजह से हजारों यात्री परेशानी का सामना कर रहे हैं।

# कुमाऊं मण्डल के नगर निगमों को नहीं पता अपने मार्गों की चौड़ाई

**संवाददाता** देहरादून। कुमाऊं मण्डल के तीनों नगर निगमों को उनके अन्तर्गत आने वाले मार्गों की चौड़ाई की जानकारी नहीं है जबकि इनकी चौड़ाई के आधार पर नगर निगम निवासियों को सम्पत्ति कर का भुगतान करना होगा। यह चौंकाने वाली जानकारी सूचना अधिकार से मिली है। काशीपुर निवासी सूचना अधिकार कार्यकर्ता नदीम उद्दीन एडवोकेट ने कुमाऊं मण्डल के तीनों नगर निगमों से भवन कर के लिये उनके द्वारा निर्धारित न्यूनतम कारपेट एरिया दरों तथा सड़कों की चौड़ाई की सूचना मांगी थी। इसके उत्तर में काशीपुर व हल्द्वानी नगर निगम द्वारा न्यूनतम कारपेट एरिया दरों की सूची तो उपलब्ध करायी गयी है लेकिन मार्गों की चौड़ाई की सूचना उपलब्ध न होने के आधार पर नहीं उपलब्ध करायी गयी है। नदीम को काशीपुर व हल्द्वानी नगर निगमों के लोक सूचना अधिकारियों द्वारा उपलब्ध करायी गयी सूचना के अनुसार सम्पत्ति कर निर्धारित करने हेतु 12 मीटर से कम चौड़ी सड़क पर स्थित सभी पक्के भवनों पर एक ही दर से टैक्स लगेगा जबकि 12 से 24 मीटर की सड़क पर स्थित भवनो पर दूसरी तथा 24 मीटर से अधिक चौड़ी सड़क पर सिथित भवनों पर तीसरी दर से सम्पत्ति कर लगेगा।



'उड़ान' के तहत आयोजित कार्यक्रम के प्रतिभागी।

# गॉडस क्रिएशन सोसायटी ने 'उड़ान' के तहत आयोजित किए कार्यक्रम

**संवाददाता** देहरादून। गॉडस क्रिएशन सोसायटी द्वारा 'उड़ान' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महापौर सुनील उनियाल गामा एवं विशिष्ट अतिथि के तौर पर उत्तराखंड सरकार के दायित्वधारी राज्यमंत्री राजकुमार पुरोहित, क्षेत्रीय पार्षद अनूप नौडियाल एवं वरिष्ठ समाज सेवक सागर गुरुंग, गॉडस क्रिएशन के स्वयंसेवक भी मौजूद रहे।

कार्यक्रम में छात्र–छात्राओं ने अपने हुनर की प्रस्तुति दी। जिसमें नृत्य संगीत एवं नाटक की प्रस्तुति छात्र छात्राओं के द्वारा दी गई। गोड्स क्रिएशन परिवार की छात्रा को समाज सेवक सागर गुरुंग द्वारा छात्रवृत्ति प्रदान की गई। मेयर व अन्य अतिथियों ने बच्चों का मनोबल बढ़ाया। गॉड्स क्रिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष कार्तिकेय विशनोई का आभार व्यक्त किया और उनके द्वारा समाज के प्रति निस्वार्थ सेवा की प्रशंसा की। कार्यक्रम में गॉड्स क्रिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष कार्तिकेय विशनोई, कपिल गर्ग, आकाश सिंह, मुदित बलूनी, अमन सिंह, मंजू ,पूर्णिमा, प्रतिभा, प्रियांशु ,गौरव ,अनिकेत, सिद्धार्थ, उज्जवल, प्रिया ,गार्गी, निखिल, पूनम व अन्य परिवार के सदस्य मौजूद रहे। राष्ट्रीय अध्यक्ष कार्तिकेय विशनोई ने सभी अतिथियों का और गॉड्स क्रिएशन के परिवार के समस्त सदस्यों का आभार व्यक्त किया।